कुलसचिव कार्यालय

उ0प्र0 पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो–अनुसंधान संस्थान, मथुरा–281001(उ0प्र0)।

पत्रांक सं0 872/यूपीडीडीवीयू/आर/2026 दिनांकः 04 जुलाई, 2026

प्रदेश के निजी संस्थानों को पैरा पशु चिकित्सा डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के संचालन हेतु इस विश्वविद्यालय द्वारा सम्बद्धता प्रदान किए जाने के संबंध में सूचना

इस कार्यालय के पत्रांक सं0 523/यूपीडीडीवीयू/आर/2026 दिनांक 06 जून, 2026 के क्रम में सूचनीय है कि उत्तर प्रदेश राज्य के पैरा पशु चिकित्सा के क्षेत्र में निजी संस्थानों के द्वारा पशुपालन के क्षेत्र मे डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालन हेतु सम्बद्धता प्रदान किए जाने हेतु आवेदन प्राप्त होने की अन्तिम तिथि दिनांक 08 जुलाई 2026 (सायं 5:00 बजे) निर्धारित थी। वर्तमान में प्राप्त आवेदनो के दृष्टिगत सक्षम अधिकारी द्वारा अन्तिम तिथि को बढ़ाकर दिनांक 23 जुलाई 2026 (सायं 5:00 बजे) तक करने की स्वीकृति प्रदान की गई है।

संस्थानों से निवेदन है कि उपरोक्त आवेदन प्रपत्र पूर्णरुप से भरकर मय संलग्नकों एवं निरीक्षण शुल्क रु0 1.00 लाख का बैक ड्राफ्ट जो किसी भी सरकारी बैंक, मथुरा में देय हो 'वित्त अधिकारी, दुवासु मथुरा' के नाम से आवेदन पत्र के सलंग्न करना होगा। आवेदन पॉच प्रतियों में जमा करना होगा।

उपर्युक्त के क्रम में आवेदन पत्र पूर्ण रूप से भर कर (मय संलग्नकों के) सीड्ल लिफाफे में, केवल रजिस्टर्ड डाक द्वारा कुलसचिव कार्यालय में प्राप्त होने की अन्तिम तिथि दिनांक 23 जुलाई 2026 (सायं 5:00 बजे) है। उपरोक्त के अतिरिक्त आवेदन पत्र सॉफ्ट कॉपी में (PDF & Word format, both) कुलसचिव कार्यालय की अधिकारिक ई–मेल आई0डी0 registrar.duvasu@upvetuniv.edu.in पर अन्तिम तिथि से पूर्व प्रेषित होना आवश्यक है। अपूर्ण आवेदन पत्र अथवा आवेदन पत्र प्राप्त होने में किसी भी प्रकार के विलम्ब के कारण सम्बद्धता प्रदान करने की कार्यवाही/प्रक्रिया में होने वाले विलम्ब के लिए यह विश्वविद्यालय जिम्मेदार नही होगा।

उपरोक्त आदेश स़क्षम अधिकारी के अनुमोदनोपरान्त जारी किये जा रहे हैं।

कुलसचिव